>

Title: Need to set up in AIIMS Darbhanga Parliamentary Constituency.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): महोदय, आपने मुझे इस सदन में प्रथम बार बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं हृदय से आपका आभार व्यक्त करता हूँ ।

महोदय, मैं अपने तेजस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी और आदरणीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने मुझे मिथिला की धरती से प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है, जो जगत जननी माँ जानकी की जन्मभूमि है । अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहूंगा कि बिहार सरकार द्वारा दरभंगा में अवस्थित डी.एम.सी.एच. की 200 एकड़ भूमि पर एम्स के निर्माण का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया । इस पर भारत सरकार द्वारा एक कमेटी गठित करके जाँच प्रतिवेदन मंगाया गया, जिसमें कुछ त्रुटियाँ दिखाई गई हैं, जिसका निराकरण भी सम्भव है ।

अध्यक्ष महोदय, यह क्षेत्र अत्यधिक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है । यहां के लोगों को हर वर्ष प्राकृतिक आपदा, जैसे बाढ़ और सुखाड़ का सामना करना पड़ता है । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से माँग करता हूं कि दरभंगा में एम्स का निर्माण किया जाए, ताकि उत्तर भारत के 22 जिले और नेपाल के 14 जिले के लोगों को इसका लाभ मिल सके ।

अध्यक्ष महोदय, दरभंगा में एम्स का निर्माण किए जाने से लगभग सात करोड़ लोगों को इसका लाभ मिलने वाला है और इससे मिथिला क्षेत्र की चिरप्रतीक्षित माँग भी पूरी हो सकेगी ।

धन्यवाद ।